एक नजर में

गंगजली कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक शाह

अमरवाड़ा। अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ग्राम झिलमिली (मारकवाड़ा) पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ता टीकाराम वर्मा के पिताजी के गंगाजली कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक के साथ पूर्व जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा, मुकेश सूर्यवंशी, विनोद चौरसिया, भागवत चंद्रवंशी, विवेक जैन, नरेंद्र तिवारी, पप्पू चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक शाह ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

ग्राम झिलमिली की क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए विधायक

अमरवाड़ा। अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झिलमिली (मरकावाड़ा) में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक शाह ने आयोजन समिति को सहयोग राशि प्रदान कर खिलाड़ियों एवं आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है, ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। समारोह में पूर्व जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा, मुकेश सूर्यवंशी, विनोद चौरसिया, भगवत पटेल, विवेक जैन, हरिशंकर यादव सहित क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमी, आम नागरिक एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बिछुआ उत्कृष्ट विद्यालय में बनाएं उत्कृष्ट मॉडल

बिछुआ। बिछुआ आदिवासी विकासखंड के वनांचल के उत्कृष्ट विद्यालय में व्यावसायिक ट्रेड के अंतर्गत अध्यनरत इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर विषय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट मॉडल बनाएं व फाइनल असेसमेंट परीक्षा 2026 में विद्यालय स्टाफ के सम्मुख प्रदर्शित कर मॉडल की कार्य विधि से अवगत कराया वर्तमान परिवेश में कम लागत से कैसे आधुनिक तकनीकी का उपयोग कर जन उपयोगी बनाया जा सकता है। इसे देखने प्राचार्य विजय कुमार पडोले,मोरेश्वर कुरेकर,सुभाष श्रीवास, जीवन सिंह रघुवंशी, युवराज मानमोड़े, मनोहर बुनकर, प्रमोद वर्मा, सुनील साहू,रितु कुमरे, लक्ष्मी डेहरिया, धनकुमार रन्ने, अमित शर्मा, शिवनरेंद्र पहाड़े,नरेंद्र पटले एवं अन्य सभी शिक्षक साथी सहित ट्रेड प्रभारी दुर्गेश सावनेरे उपस्थित थे।

वन्देमातरम ग्रुप का महाशिवरात्रि महोत्सव आज

परासिया। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर वन्देमातरम ग्रुप द्वारा महाकालेश्वर मोक्षधाम, परासिया में भव्य महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के संयोजक रिंकू घोरके ने बताया कि यह पावन आयोजन विगत वर्षों से निरंतर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न होता आ रहा है और क्षेत्रवासियों के सहयोग से हर वर्ष भव्य रूप लेता जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रमुख रूप से महाभिषेक, विशाल भंडारा, महाआरती, आकर्षक साज-सज्जा, साउंड व्यवस्था एवं भजन संध्या का आयोजन शामिल है। आयोजन समिति द्वारा सभी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। आयोजक मंडल ने समस्त श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा भगवान महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त करें। कार्यक्रम के निवेदक रिंकू घोरके, आकाश माहौर, मनोज खेलवाड़ी, शानू देशमुख, मयूर देशमुख, विवेक माहौर, राज वन्देबार, अरविंद माहौर, शुभ देशमुख, सुजल, ब्रह्मपुरी, गोलू यादव, मनोज, डहरिया एवं समस्त वन्देमातरम ग्रुप मित्र मंडल ने सभी से सहभागिता की अपील की है।

बड़कुही में धूमधाम से मनाया जाएगा युवा भारत शिवरात्रि महोत्सव

बड़कुही। नगर के श्री श्री दुर्गा मंदिर बड़कुही में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा भारत शिवरात्रि महोत्सव समिति द्वारा महाशिवरात्रि का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा-भक्ति और धूमधाम से मनाया जाएगा। 14 से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में भगवान शिव की बारात झांकी, शिव विवाह, 12 ज्योतिर्लिंग पूजन, महारुद्राभिषेक एवं महाप्रसाद (भंडारा) का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार एवं समाज में धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में क्षेत्र के संत-महात्माओं का आशीर्वचन भी प्राप्त होगा।

पॉलीथीन बिछाकर हो रहा सीसी रोड का निर्माण

नवभारत न्यूज

तामिया, 14 फरवरी, तामिया विकासखंड की हरी-भरी वादियों में स्थित पातालकोट एक प्रमुख दर्शनीय स्थल है जहां भारिया जनजाति के लोग निवास करते हैं।पातालकोट में भ्रष्टाचार की सड़क 50 लाख की लागत से बन रही सड़क में भारी अनियमितताएं, इंजीनियर और ठेकेदार गायब भारिया विकास के अंतर्गत पातालकोट के नाम पर करोड़ों रुपए की राशि आवंटित होती आ रही है इनके विकास के लिए शासन द्वारा विभिन्न मदों से करोड़ों रुपये की राशि आवंटित की जाती है, लेकिन विभागों में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत के कारण पातालकोट का विकास भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। यही वजह है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद आज भी पातालकोट और वहां रहने वाले भारिया जनजातीय लोगों की स्थिति जस की तस बनी हुई है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रहे हैं।मामला तामिया विकासखंड की ग्राम पंचायत कारेयाम रातेड अंतर्गत ग्राम चढ़ा ढाना का है, जहां आरईएस विभाग से स्वीकृत 1.45 किलोमीटर सुदूर सड़क का निर्माण कार्य लगभग 50 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। सड़क निर्माण के अर्थवर्क में भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। बिना बेस और जीएसबीकिए केवल मिट्टी के ऊपर पन्नी बिछाकर कंक्रीट डाल दिया जा रहा है। इस तरह ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के इंजीनियर और ठेकेदार शासन की आंखों में धूल झोंक रहे हैं। गौर करने वाली बात यह है कि कार्य स्थल पर न तो कोई इंजीनियर मौजूद है और न ही ठेकेदार, मजदूरों के भरोसे ही पातालकोट में सड़क निर्माण किया जा रहा है।यदि बारिश में पहाड़ की मिट्टी गिरती है तो सड़क का कुछ हिस्सा पूरी तरह बंद हो सकता है। ग्रामीणों ने मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। देखना यह होगा इस पर प्रशासन और शासन इस मामले में क्या संज्ञान लेता है क्या दोषियों के ऊपर कारवाई की जाएगी

महादेव मैले में चल रहे ओवरलोड वाहन

नवभारत न्यूज

तामिया, 14 फरवरी, तामिया के साप्ताहिक बाजार और महादेव मैला जा रहे वाहन बेखौफ ओवरलोड दौड़ रहे प्रशासन की सहमति से ओवरलोडिंग चलाए जाते हैं।

गाड़ी मालिक अपनी मर्जी के मुताबिक सवारी भरकर चलते हैं यह पुलिस की सहमति दर्शाती है- पुलिस और परिवहन विभाग कि लापरवाही सामने आ रही है मेले के दौरान सक्रियता बढ़ाते हुए ऐसे ओवरलोड वाहनों के खिलाफ तत्काल सघन अभियान चलाना चाहिए, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो सके ।

बिरला कॉर्पोरेशन ने किया आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

परासिया, 14 फरवरी, सियाल घोघरी कोल माइंस बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सियाल घोघरी कोल माइंस क्षेत्र की 11 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, 10 सहायिका, 4 सुपरवाइजर, साथ ही ष्टाह्र एवं ़हरू का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले इन जमीनी स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों का मनोबल बढ़ाना था। कार्यक्रम का आयोजन सहयोगी संस्था क्ष्राष्ट्रष्टस द्वारा किया गया। समारोह में बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से यूनिट हेड भूपेंद्र सिंह चौधरी एवं एचआर हेड अमित पांडेय उपस्थित रहे। वहीं ह्तह्र की ओर से सुश्री शालिनी एवं राकेश सहित संस्था के अन्य प्रतिनिधि, ष्टस्क्रटीम एवं स्टाफ भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

अपने संबोधन में यूनिट हेड भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके समर्पण से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव हो पाता है। एचआर हेड अमित पांडेय ने भी सभी कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

महर्षि विद्या मंदिर में किया मातृ-पितृ पूजन

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 14 फरवरी, स्थानीय महर्षि विद्या मंदिर नागपुर रोड छिंदवाड़ा में 14 फरवरी शनिवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस बड़े ही श्र द्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद् यार्थियों ने अपने माता-पिता का तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर तथा चरण पूजन कर उनका सम्मान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भावनाओं से ओत-प्रोत हो उठा।

विद्यालय की प्राचार्या महोदया सुश्री श्रद्धा श्याममोहन त्रिपाठी जी ने अपने उद् बोधन में कहा कि माता-पिता ही बालक के प्रथम गुरु होते हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति में माता-पिता के सम्मान के महज़ पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को कृतज्ञता, आदर और संस्कारों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों द्वारा भक्ति गीत, एवं प्रेरक वक्तव्य प्रस्तुत किए गए, जिनमें माता-पिता के त्याग, प्रेम और समर्पण को दर्शाया गया। उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना की और अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

कार्यक्रम का समापन आशीर्वचन एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुजा। यह आयोजन वि द्यार्थियों के इटज़ में अपने माता-पिता के प्रति सम्मान और संस्कारों की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने वाला सिध हुआ।

परासिया रेलवे स्टेशन परिसर में शराबियों का उत्पात

सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाने की मांग

नवभारत न्यूज

परासिया, 14 फरवरी, परासिया रेलवे स्टेशन परिसर में शराबियों द्वारा उत्पात मचाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार स्टेशन परिसर में शराब पीकर हंगामा कर रहे कुछ शराबियों को रोकने पर उन्होंने एक रेलवे कर्मचारी का मोबाइल फोन छीन लिया।

बताया जा रहा है कि मोबाइल छीनने के बाद शराबी मौके से भागने लगे, लेकिन रेलवे कर्मचारी ने साहस दिखाते हुए उनके पीछे दौड़कर अपना मोबाइल वापस छुड़ा लिया। इसके बाद जब रेलवे कर्मचारी ने शराबियों को पकड़ने का प्रयास किया तो वे भाग निकलने में सफल हो गए। घटना के दौरान रेलवे पुलिस ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो रिकॉर्ड किया और मामले की जानकारी परासिया रेलवे के उच्च अधिकारियों को दी गई है। सूत्रों के अनुसार घटना को लेकर रेलवे प्रशासन द्वारा मामला दर्ज कराने एवं आगे की कार्रवाई को लेकर चर्चा की जा रही है।रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील सार्वजनिक स्थल पर इस प्रकार की घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं। स्थानीय यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से स्टेशन परिसर में सुरक्षा बढ़ाने और शराबियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। गौरतलब हो कि परासिया रेलवे स्टेशन में देर रात गाड़ियों का आवागमन होता है जिसमें ग्रामीण अंचलों से आने वाले यात्रीगण रेलवे स्टेशन परिसर में ठहरते हैं ऐसे में आवारा तत्वों का रेलवे स्टेशन परिसर में जमाबड़ा किसी बड़ी घटना की ओर इशारा कर रहा है।

माता-पिता का पूजन हमारी संस्कृति का हिस्सा

छिंदवाड़ा। मातृ पितृ पूजन हमारी संस्कृति का हिस्सा है, जिसे पाश्चात्य संस्कृति ने भुला दिया था, किंतु संत आसाराम गुरुकुल द्वारा इस पूजन का पुनः प्रारंभ कराया गया और आज पूरे देश में इसे मनाया जाता हैं। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने संत आशाराम गुरुकुल में आयज़जित मातृ-पितृ पूजन दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कही इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि माता- पिता को ईश्वर के भी उपर रखा गया है। हमारी संस्कृति कहती है कि जब हम घर से निकलते हैं तो माता-पिता के पैर पड़ कर निकलते हैं, जिससे उनका आशीर्वाद हमें हमेशा मिलता रहे।

बालक माध्यमिक शाला बिछुआ में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों का भावभीनी विदाई समारोह

नवभारत न्यूज

बिछुआ, 14 फरवरी, बालक माध्यमिक शाला बिछुआ में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं पूजन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया तथा अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामचंद्र बोबडे (नगर परिषद अध्यक्ष) रहे। विशिष्ट अतिथियों में जयदेव पराड़कर, शंकर उईके, शरद गडकरी, हेमराज मांडेकर एवं श्रावण कामड़े शामिल रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। मुख्य अतिथि श्री बोबडे ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी को अपनाकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने शिक्षा को सफलता की कुंजी बताते हुए निरंतर प्रयास को लक्ष्य प्राप्ति का मूल मंत्र बताया। अन्य अतिथियों ने भी सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। समारोह के दौरान भावुक क्षण भी देखने को मिले, जब विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय और शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन संजय सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर रामराव पराड़कर,नेहा पवार दुर्गा गिरहरे, ऊषा साहू, सरला उईके सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

संवाद कार्यक्रम — **भाजपा का किसान संवाद कार्यक्रम हुआ संपन्न**

केन्द्रीय बजट अन्नदाता के सपनों को साकार करेगा : संजय पटेल

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल ने आज किसान संवाद कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत रोहनाखुर्द के खापामिट्ठे में कहा कि भारत सरकार का यह बजट कृषि के साथ अर्थव्यवस्था के रीढ़ को मजबूत करने वाला बजट है । इसमें किसानों के लिए किसान की आय में वृद्धि करने और कृषि को आधुनिक बनाने के लिए यह बजट अत्यंत सकारात्मक है ।

भारत-विस्तार नामक बहुभाषायी एआई टूल के माध्यम से कृषि प्रणाली को तकनीक से जोड़ा जाएगा । उच्च मूल वाली खेती को बढ़ावा देते हुए नारियल, चंदन, कोको और काजू जैसी फसलों के लिए विशेष सहायता का प्रावधान किया गया है । इसके अतिरिक्त सहकारी संस्थाओं को पशु चारे और बिनौले की आपूर्ति पर कर कटौती का लाभ देकर कृषि क्षेत्र को मजबूती दी गई है । रेशम, उन और जूट जैसे प्राकृतिक फाइबर में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय फाइवर योजना का शुभारंभ किया है । पशुपालन क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है । आज पशुपालन केवल सहायक गतिविधि नहीं रहा बल्कि यह किसानों की कुल आय में लगभग 16 प्रतिशत का योगदान दे रहा है । इसी दिशा में एक बड़ा और दूरदर्शी कदम उठाते हुए पशु चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए पूंजी सब्सिडी योजना शुरू किए जाने का प्रावधान किया गया है । एक करोड़ किसानों समेत तीन करोड़ लोगों को आर्थिक मदद देने के लिए कोकोनट प्रोत्साहन योजना का विस्तार किया गया है ।

बजट 2026-27 में 500 जलाशय और अमृत सरोवरों को एकीकृत कर मछली पालन क्षेत्र को सशक्त बनाने का निर्णय ऐतिहासिक है । यह कदम जल संरक्षण, ग्रामीण रोजगार और पोषण सुरक्षा तीनों लक्ष्यों को एकसाथ साधता है । किसान क्रेडिट योजना में विस्तार करते हुए बजट में प्रावधान किया गया है कि एक हेक्टेयर वाले लघु किसानों को अब ढाई लाख तक की ऋण राशी दी जावेगी तथा सीमांत तथा बड़े किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 5 लाख रूपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जावेगा इसमें किसानों को सिर्फ 1 वित्तीय वर्ष में 4 प्रतिशत का ही ब्याज दिए जाने का प्रावधान है तथा शेष ब्याज की राशि भारत सरकार देगी । एग्रीकल्चर इंस्फ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईई) के तहत ट्रेक्टर लेने खेती की मशीनरी को क्रय करने तथा खेती पर आधारित उद्योग लगाने, वेयरहाउसिंग का निर्माण आदि के लिए ऋण राशि 1 लाख करोड़ से बढ़ाकर 2 लाख करोड़ की गई है तथा इसमें 3 प्रतिशत ब्याज की राशि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार देगी ।

भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र शाह ने कहा कि यह बजट सुदूर ग्रामीण अंचल में रहने वाले किसानों के लिए वरदान साबित होगा तथा किसान अपनी जरूरतों

सांसद बंटी विवेक साहू आज जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे

छिंदवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू आज 15 फरवरी को जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सांसद श्री साहू आज दोपहर 12.30 बजे अमरवाड़ा के ग्राम गरमेटा में शिव मंदिर में पूजन व दर्शन करेंगे, दोपहर 1.30 बजे ग्राम पौनार में भगवान शिवजी की प्राण प्रतिष्ठा और रूद्र महायज्ञ के कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं दोपहर 3 बजे महात्मा गांधी वार्ड शिवधाम मंदिर कुसमेली मंडी रोड शंकर नगर के पीछे छिंदवाडा में आयोजित शिव महापुराण कथा के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)
कोल इस्टेट, सिविल लाईन, नागपुर-440001, महाराष्ट्र, इंडिया. वेबसाईट - www.westerncoal.in

सूचना

कोल इंडिया लिमिटेड तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा वस्तुओं, कार्यों और सेवाओं की खरीद हेतु जारी की गई सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**, संबंधित सहायक कंपनी की वेबसाईट (वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) **www.westerncoal.in**, CIL ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** तथा सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। वस्तुओं और सेवाओं की खरीद (यदि वे GeM पोर्टल पर उपलब्ध है) GeM पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से जाती है।